प्रादेशिक समाचार

07.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर आतंकवाद को नष्ट करने की प्रतिबद्धता दोहराई, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शूरवीरों को किया नमन।

2. बिजली–पानी के मुद्दों पर सड़क पर उतरी भाजपा, महंगाई के खिलाफ झामुमो ने सभी जिला मुख्यालयों पर किया विरोध प्रदर्शन।

3. नक्सलियों के खिलाफ अभियान में खूंटी पुलिस को बड़ी सफलता, प्रतिबंधित सगंठन पीएलएफआई के तीन हार्डकोर सदस्यों को किया गिरफ्तार।

4. रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट, 11 मई तक आंधी–बारिश और वज्रपात का अलर्ट।

5. भारतीय अंडर–18 हॉकी टीम में राज्य के 8 खिलाड़ियों का चयन, महिला टीम में छह और पुरुष दल में दो ने बनायी जगह।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों के शौर्य को नमन किया है। उन्होंने आतंकवाद और इसे बढ़ावा देने वाले तंत्र को नष्ट करने की राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हमला करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया।

*****************

ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरा होने पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में देश के शूरवीरों को नमन किया। इस गौरवशाली दिन के सम्मान में, उन्होंने देशवासियों से अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऑपरेशन सिंदूर की डीपी लगाने की अपील की है।

इधर, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इसे नए भारत की संकल्प शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक राफेल और स्वदेशी एआई नेटवर्क के सफल प्रयोग ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया है।

*****************

राज्य में आज सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सड़कों पर रहे। गहराते बिजली–पानी संकट को लेकर जमशेदपुर में भाजपा ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। विधायक पूर्णिमा साहू ने सरकार से इस्तीफे की मांग की।

वहीं, झामुमो ने कमर्शियल गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ राज्यव्यापी धरना दिया और केंद्र सरकार पर महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया।

*****************

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल आज एक अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने एक विद्यालय की दसवीं कक्षा में पहुंचकर क्लास ली और विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र दिया। शिक्षक की भूमिका में दिखे सांसद ने बच्चों को ईमानदारी से पढ़ाई करने और अपनी रुचि के अनुसार करियर चुनने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच ही जीवन में सफलता का आधार है।

*****************

पलामू उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने आज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अस्पताल में व्याप्त गंदगी और अव्यवस्था देख नाराज हुए। उन्होंने सफाई सुपरवाइजर को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही, हेल्थ इंफॉर्मेशन मशीन अपडेट न होने पर अस्पताल प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई।

*****************

खूंटी पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन हार्डकोर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तोरपा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में बनी एसआईटी ने कर्रा थाना क्षेत्र के जंगल में छापेमारी कर इन्हें दबोचा। इनके पास से एक देशी कट्टा, कारतूस और संगठन के पर्चे बरामद हुए हैं। खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि ये उग्रवादी रेलवे कार्य में लगे वाहनों पर आगजनी और गैस गोदाम संचालक पर फायरिंग जैसी कई घटनाओं में शामिल रहे हैं।

*****************

धनबाद पुलिस ने प्रिंस खान के नाम पर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने एक व्यवसायी और एक अस्पताल के संचालक को जान से मारने की धमकी दी थी। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि तकनीकी जांच और लोकेशन के आधार पर इन अपराधियों को दबोचा गया है।

*****************

विश्व थैलेसीमिया दिवस की पूर्व संध्या पर आज रांची के आड्रे हाउस में राज्यस्तरीय थैलेसीमिया कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेल एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन शामिल हुए। उन्होंने थैलेसीमिया पीड़ितों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ है और हर संभव मदद दी जाएगी।

*****************

राजधानी रांची सहित कई जिलों में आज दोपहर तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए राज्य के अधिकांश जिलों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी दी है। 9 और 10 मई को स्थिति और खराब हो सकती है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राज्य की दो बड़ी खेल उपलब्धियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले भारतीय डेफ क्रिकेट टीम से मुलाकात कर उन्हें नेपाल के खिलाफ खिताबी जीत की बधाई दी। उन्होंने धनबाद में आयोजित इस सीरीज में झारखंड के खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व को गर्व का विषय बताया। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने सात वर्षीय नन्हे तैराक इशांक सिंह को विश्व रिकॉर्ड बनाने पर पांच लाख रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। इशांक ने हाल ही में 29 किलोमीटर लंबे पाल्क स्ट्रेट को तैरकर पार करने का कीर्तिमान स्थापित किया है।

*****************

हॉकी इंडिया ने भारतीय अंडर–18 टीम में राज्य के आठ खिलाड़ियों का चयन किया है। महिला टीम में संदीपा कुमारी, पुष्पा मांझी, खिली कुमारी, नीलम टोपनो, सुगन सांगा और श्रुति कुमारी ने जगह बनाई है, जबकि पुरुष टीम में आशीष सैंडी पूर्ति और जयसन कांडूलना का चयन हुआ है। यह उपलब्धि झारखंड में हॉकी की बढ़ती ताकत और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है।

**********समाप्त***************